मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-61
02/02/2019

मुख्यमंत्री ने स्व0 जगदेव प्रसाद की जयंती के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी

पटना 02 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज चितकोहरा चौराहा स्थित स्व0 जगदेव प्रसाद की प्रतिमा स्थल के समीप आयोजित राजकीय समारोह में स्व0 जगदेव प्रसाद के प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन वर्मा, विधायक श्री श्याम रजक, पूर्व मंत्री श्री सम्राट चौधरी, पूर्व मंत्री श्री नागमणि, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, पूर्व महासचिव राज्य नागरिक परिषद श्री अरविंद कुमार सिंह, सदस्य राज्य खाद्य आयोग श्री नन्द किशोर कुशवाहा सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन और देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों द्वारा केन्द्रीय अंतरिम बजट पर पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट सकारात्मक है, बजट देशहित में है, बजट में कुछ घोषणाओं की बात हुई है, जो स्वागत योग्य है। चाहे किसानों की सहायता का हो, मजदूरों के पेंशन का या इनकम टैक्स के लिमिट को बढ़ाने का, समाज के हर तबके को लाभ मिलने वाला है। इसलिए बजट का स्वागत करते है।

******